B.E.S.T. Group Of Schools, Saudi Arabia

Class: 6 Worksheet-II
Subject: Hindi

Examination:Evaluation-1/Half Yearly/PMT(2018)

I.निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तंर दीजिए:

I.हम चाहते हैं कि भविष्य मे अच्छे नागरिक मिलें तो हमें विद्यार्थियों को सभी दृष्टि से योग्य बनाना पड़ेगा। पहली बात उनमें राष्ट्भक्ति की भावना का संचार कराने की है। हमारा विद्यार्थी वर्ग अपने को राष्ट् की धरोहर समझकर अपनी रक्षा करे उसे यह बात मन में ठान लेनी है कि उसके ऊपर भारत की रक्षा का भार है। उसे स्मरण रखना होगा कि वह उस महान राष्ट् का नागरिक होने जा रहा है जिसने आदि काल में ही "वसुधैव कटुंबकम्" की उद्घोषणा की थी। उसे इसका हमेशा पालन करना है।

दूसरी बात यह है कि उसे कर्मठ बनना है। आलस्य को अपना महान शत्रु समझकर उसकी छाया से भी घृणा करनी है। आज आवश्यकता है अधिक से अधिक उत्पादन करने की अधिक से अधिक कर्त्तव्य परायण, अधिक से अधिक प्रगतिशील बनने की। विदेशों से होड़ करने के लिए हमारे छात्रों को समय से काम करने की आदत डालनी होगी। अधिक समय तक काम करने के लि धैर्य के गुण का विकास करना होगा। आज तो सामूहिक प्रयत्नों की आवश्यकता है। तभी देश से दरिद्रता भागेगी और अज्ञान का अधंकार दूर होगा।

1.विद्यार्थियों को योग्य बनाने के लिए क्या करना होगा ?

क उनमें राष्ट्भक्ति की भावना का संचार

ख उन्हें शिक्षित करना होगा

ग उन्हें कर्मठ बनाना होगा

घ ये सभी

2.देश के विकास के लिए विद्यार्थियों को क्या करना आवश्यक है ?

क कृषि कार्य करना **ख राष्ट् की धरोहर समझना**

ग आलस्य छोड़ पढ़ाई में मन लगाना **घ स्वार्थ से घृणा करना**

NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL - JEDDAH

3.उपरोक्त गद्यांश का शीर्षक होगा

क युवा शक्ति ख विद्यार्थी ग विद्यार्थी का कर्तव्य घ कोई नहीं

4.देश से दरिद्रता कैसे दूर होगी ?

क सामूहिक प्रयत्न से ख खाना खाकर सोने से

ग कभी दूर नहीं होगी घ स्वतः भाग जाएगी

5.विद्यार्थी कर्मठ कैसे बनेगा ?

क आलस्य को अपना शत्रु समझकर

ख अधिक से अधिक कर्तव्य करके

ग राजनीति में भाग लेकर

घ भाषण देकर

II. श्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवम्बर, 1889 को इलाहाबाद के एक कश्मीरी परिवार में हुआ। इनके पिता श्री मोतीलाल नेहरू प्रसिद्ध वकील और देशभक्त नेता थे। माता स्वरूप रानी धार्मिकता और सरलता की मूर्ति थीं। पन्द्रह वर्ष की अवस्था में इन्हें इंग्लैंड पढ़ने के लिए भेज दिया गया। भारत लौटकर इन्होंने वकालत प्रारंम् की परन्तु देश की दुर्दशा ने इनका ध्यान अपनी ओर खींच लिया और अवसर पाकर ये कांग्रेस में शामिल हो गए।

क. श्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

ख. इनके पिता कौन थे? वे कैसे व्यक्ति थे ?

ग. माता स्वरूप रानी कैसी स्त्री थी ?

घ. इन्हें इंग्लैंड किसलिए भेजा गया ?

مدرسة الورود الجديدة العالمية بجدة
(قسم البنين) تحت إشراف وزارة التربية والتعليم
ترخيص رقم ٦١ س المنهج الهندي
NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL - JEDDAH
Affiliation No. 5730003

प्रश्न-III.निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिएः

क. तन-मन-धन प्राण चढ़ाएँगे,
हम आगे बढ़ते जाएँगे।

ख.दीनों का कष्ट हरेंगे हम,
माता के लिए मरेंगे हम।
हम अपनी टेक निभाएँगे,
हम आगे बढ़ते जाएँगे।

مدرسة الورود الجديدة العالمية بجدة
(قسم البنين) تحت إشراف وزارة التربية والتعليم
NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL - JEDDAH
Affiliated to CBSE New Delhi - Affiliation No. 5730006